समाचार

नोवल कोरोना वायरस

कोसाबाड़ी क्षेत्र में मिले 04 व्यक्ति कोरोना पाजिटिव

(पहुंची नगर निगम व डॉक्टरों की टीम, 02 को किया गया अस्पताल शिफ्ट, 02 को होम आईसोलेट, दी गई दवा)

कोरबा 25 फरवरी 2021 –कोरबा शहर के कोसाबाड़ी क्षेत्र में आज 04 नए कोरोना पाजिटिव व्यक्ति पाये गए हैं, इसकी खबर लगते ही नगर पालिक निगम एवं डॉक्टरों की टीम पाजिटिव व्यक्तियों के घरों तक पहुंची। 02 पाजिटिव महिलाओं की उम्र अधिक होने के कारण उन्हें कोविड हास्पिटल शिफ्ट किया गया, वहीं 02 पाजिटिव व्यक्तियों को होम आईसोलेट करते हुए दवाई उपलब्ध कराई गई।

नोवल कोरोना वायरस ने फिर एक बार फिर दस्तक दी है तथा छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती राज्यों में कोरोना के संक्रमण का प्रसार तेजी से हो रहा है, इसको देखते हुए कोरबा जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन ने सभी एहतियाती तैयारियां करने के साथ ही आमलोगों से आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। आज कोरबा शहर के कोसाबाड़ी क्षेत्र में 04 नए मरीज कोरोना पाजिटिव पाये गए। राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस–2, महाराणा प्रतापनगर, जे.पी.कालोनी एवं न्यू मानस नगर में ये कोरोना पाजिटिव व्यक्ति पाये गए हैं। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा व स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों की टीम कोरोना पाजिटिव मरीजों के घर पहुंची। टीम में डॉक्टर दीपकराज, डॉ.रेणु जोगी, डॉ. रिपेश सेगर, डॉ.राजेश जायसवाल, जोनल कमिश्नर आर.के.चौबे, उपायुक्त पवन वर्मा, सहायक अभियंता एन.के.नाथ एवं एच. आर.बघेल शामिल थे। डॉ.दीपक राज ने मरीजों की वर्तमान स्थिति की पूरी जानकारी ली, इन मरीजों में दो महिला मरीज क्रमशः 70 एवं 72 वर्ष की आयु होने के कारण उन्हें कोविड हास्पिटल शिफ्ट किया गया, वहीं दो मरीजों को होम आईसोलेट करते हुए उन्हें दवा दी गई।

<u>टी.पी.नगर व बालको क्षेत्र में भी 01–01 पाजिटिव मिले</u>– निगम क्षेत्र के टी.पी.नगर जोन व बालको जोन में भी 01–01 कोरोना पाजिटिव व्यक्ति मिले हैं। निगम के संबंधित जोन के अधिकारियों ने इन कोरोना पाजिटिव व्यक्तियों के घर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उन्हें दवाईयां उपलब्ध कराई।

होम आईसोलेट व्यक्तियों की सतत निगरानी रखें– आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे कोरोना पाजिटिव व्यक्ति जो होम आईसोलेट किए जा रहे हैं, उनकी सतत निगरानी करें तथा यह देखें कि वे होम आईसोलेशन संबंधी सभी नियमों का पालन कर रहे हैं। उन्होने होम आईसोलेट व्यक्तियों से भी अपील की है कि वे होम आईसोलेशन के दौरान घर से बाहर कदापि न निकले, घर के अन्य सदस्यों से दूरी बनाकर रखें तथा होम आईसोलेशन के नियमों का कड़ाई से पालन करें, अपने स्वास्थ्य की लगातार निगरानी रखें, आक्सीजन लेवल की जांच करते रहे तथा स्वास्थ्य में किसी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें।

मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें–आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि चूंकि कोरोना वायरस का खतरा अभी कम नहीं हुआ है, अतः घर से बाहर निकलने पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, सार्वजनिक स्थानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, बाजारों तथा अन्य भीड़–भाड़ वाली जगहों पर सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन करें, आपस में कम से कम 06 फुट की दूरी बनाकर रखें, खुद संक्रमण से बचें तथा दूसरों को भी संक्रमित होने से बचायें। उन्होने व्यवसायीबंधुओं से भी अपील की है कि वे अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों में सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन कराएं, बिना मास्क पहने किसी भी व्यक्ति को दुकान, प्रतिष्ठान में प्रवेश न करने दें ताकि लोगों को संक्रमित होने से रोका जा सके।